केन्द्रीय विद्यालय संगठन कोलकाता संभाग

KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN, KOLKATA REGION

सत्रांत परीक्षा / SESSION ENDING EXAMINATION, 2025-26

कक्षा / CLASS-VI अधिकतम अंक/Max. Marks: 60

विषय/Sub.: हिन्दी / HINDI समय/Time: 2 ½ घंटे / Hrs.

***सामान्य निर्देश:***

(क) इस प्रश्न - पत्र में कुल 10 प्रश्न है सभी प्रश्न करने अनिवार्य है|

(ख) इस प्रश्न - पत्र में कुल चार खंड है क, ख .ग . और घ |

(ग़) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए|

(घ) कृपया जाँच कर ले कि इस प्रश्न - पत्र में मुद्रित पृष्ट 6 है|

(ड) इस प्रश्न- पत्र को पढने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है|

## खंड – अ ( अपठित बोध )

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1× 5=5

"परिश्रम उन्नति का द्वार है। मनुष्य परिश्रम के सहारे ही जंगली अवस्था से वर्तमान विकसित अवस्था तक पहुँचा है। उसी के सहारे उसने अन्न, वस्त्र, घर, मकान, भवन, बाँध, पुल, सड़कें बनाईं। तकनीक का विकास किया, जिसके सहारे आज यह जगमगाती सभ्यता चल रही है। परिश्रम केवल शरीर की क्रियाओं का ही नाम नहीं है। मन तथा बुद्धि से किया गया कार्य भी परिश्रम कहलाता है। हर श्रम में बुद्धि तथा विवेक का पूरा योग रहता है। परिश्रम करने वाला मनुष्य सदा सुखी रहता है। परिश्रमी व्यक्ति का जीवन स्वाभिमान से पूर्ण होता है, वह स्वयं अपने भाग्य का निर्माता होता है। उसमें आत्म-विश्वास होता है। परिश्रमी किसी भी संकट को बहादुरी से झेलता है तथा उससे संघर्ष करता है। परिश्रम कामधेनु है जिससे मनुष्य की सब इच्छाएँ पूरी हो सकती हैं। मनुष्य को मरते दम तक परिश्रम का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। जो परिश्रम के वक्त इंकार करता है, वह जीवन में पिछड़ जाता है।"

(क) वर्तमान विकसित अवस्था तक मनुष्य कैसे पहुँचा?

(i) अन्न उपजाकर (ii) धन व बुद्धि के बल पर

(iii) परिश्रम करके (iv) सुखों को भोगकर

(ख) मन और बुद्धि द्वारा किया जाने वाला कार्य कहलाता है?

(i) चतुरता (ii) विवेक

(iii) विश्राम (iv) परिश्रम

(ग) गद्यांश के अनुसार परिश्रमी व्यक्ति के गुण हैं-

(i) आत्मविश्वासी, स्वाभिमानी, संघर्षी एवं स्वयं का भाग्य-निर्माता

(ii) स्वाभिमानी, संघर्षी, दयालु एवं चरित्रवान

(iii) स्वयं का भाग्य-निर्माता, आत्मविश्वासी एवं दयालु

(iv) चरित्रवान, आत्मविश्वासी, भाग्यवादी, सत्यवादी

(घ) परिश्रम को' कामधेनु' कहने का क्या आशय है?

(ङ) कौन से व्यक्ति जीवन में पीछे रह जाते है ? गद्यांश के अनुसार लिखिए ।

प्रश्न2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए 1× 5=5

सफल वही होता है जो ठोकरों से न घबराए,
मुश्किलों के आगे वह झुकता नहीं है।
जोश और जुनून से भरा हो उसका दिल,
फिर हर बाधा उसे रोक नहीं सकती।
असफलता से सीखा जो सबक जीवन ने
वही अंत में जीत का ताज पहनता है।
मेहनत की राहें कभी आसान नहीं होतीं,
पर धैर्य और लगन से हर कोई पार पाता है।
अपने लक्ष्य को पाने का जोश रखो,
और हर दिन नयी उम्मीद जगाओ।
सफलता दूर नहीं, बस एक कदम और,
हार मत मानो, बढ़ते रहो निरंतर।

(क) इस काव्यांश का मुख्य विषय क्या है?
(i) हार मानना (ii) सफलता और मेहनत
(iii) आलस्य (iv) निराशा

(ख)' ठोकरों से न घबराए' का अर्थ क्या है?
(i) परेशान होना (ii) असफल होना
(iii) चुनौतियों से डरना नहीं (iv) आराम करना

(ग) काव्यांश के अनुसार सफलता पाने के लिए क्या जरूरी है?
(i) धैर्य और लगन (ii) आलस्य
(iii) भाग्य (iv) इंतज़ार

(घ) इस काव्यांश में सफलता प्राप्त करने के लिए क्या आवश्यकताएँ बताई गई हैं ?

(ङ) 'असफलता से सीखा जो सबक जीवन में'का क्या मतलब है ?

## खंड – ब ( व्याकरण – ज्ञान)

प्रश्न 3. निम्नलिखित व्याकरण ज्ञान पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1×14=14

(क) निम्न शब्दों के संज्ञा भेद लिखिए
(i) रामचरितमानस
(ii) झील

(ख) निम्नलिखित कहावतों का अर्थ लिखिए।
(i) जहाँ चाह, वहाँ राह
(ii) अधजल गगरी छलकत जाए

(ग)निम्नलिखित शब्दों के एक – एक पर्यायवाची लिखिए।
(i) नदी
(ii)तुरंग

(घ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।
(i) योग्य
(ii) दयालु

(ङ) निम्नलिखित शब्दों के प्रचलित रूप (सही रूप में ) लिखिए।

(i) बिधि

(ii) भोरी

(च) निम्नलिखित स्तंभ'अ 'को स्तंभ' ब' से मिलान कीजिए।

| स्तंभ अ | स्तंभ ब |
|---|---|
| बहियन | उत्पन्न होना |
| पतियायो | जन्मा |
| उपजि | भुजा |
| जायो | विश्वास किया |

**खंड – स ( पठित बोध और पाठ्यपुस्तक)**

प्रश्न4. निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्न प्रश्नों केउत्तर दीजिए।

$1 \times 5 = 5$

नैरोबी से मॉरिशस तक हम बी.ओ.ए.सी. के जहाज़ में उड़े। जहाज़ नैरोबी से चार बजे शाम को उड़ा और पाँच घंटों की निरंतर उड़ान के बाद जब वह मॉरिशस पहुँचा, तब वहाँ रात के लगभग दस बज रहे थे। रात थी, अँधेरा था, पानी बरस रहा था। मगर तब भी हमारे स्वागत में बहुत लोग खड़े थे। हवाई अड्डे के स्वागत का समाँ देखकर यह भाव जगे बिना नहीं रहा कि हम जहाँ आए हैं, वह छोटे पैमाने पर भारत ही है।मॉरिशस द्वीप भूमध्य रेखा से कोई बीस डिग्री दक्खिन और देशांतर रेखा 60 के बिल्कुल पास, किंतु उससे पच्छिम की ओर बसा हुआ है। मॉरिशस की लंबाई 29 मील और चौड़ाई कोई 30 मील है। वैसे पूरे मॉरिशस द्वीप का रकबा 720 वर्गमील आँका जाता है। यह द्वीप हिंद महासागर का मोती है, भारत-समुद्र का सबसे खूबसूरत सितारा है।

(क)नैरोबी से मॉरिशस तक यात्रा किस एयरलाइन के जहाज़ में की गई?

(i)एयर इंडिया (ii)बी.ओ.ए.सी.

(iii)लुफ्थांसा (iv)क्वांटास

(ख) मॉरिशस द्वीप की लंबाई और चौड़ाई कितनी है?

(i) 29 मील और 30 मील (ii) 30 मील और 29 मील

(iii) 30 मील और 39 मील (iv) 30 मील और 31 मील

(ग) मॉरिशस द्वीप को किस महासागर का मोती कहा गया है?

(i) अटलांटिक महासागर (ii) प्रशांत महासागर

(iii) हिंद महासागर (iv) आर्कटिक महासागर

(घ) मॉरिशस द्वीप किस रेखा के समीप स्थित है ?

(i) कर्क रेखा (ii) मकर रेखा

(iii) अक्षांश रेखा (iv) भूमध्य रेखा

(ङ) जहाज़ नैरोबी से चार बजे उड़ा और कितने घंटे की उड़ान के बाद मॉरिशस पहुँचा ?

(i) चार घंटे (ii) पाँच घंटे (iii) छह घंटे (iv) सात घंटे

प्रश्न5. निम्नलिखित पठित पद्यांशको ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए। $1\times5 = 5$

तनिक हवा से बाग हिल
लेकर सवार उड़ जाता था।
राणा की पुतली फिरी नहीं
तब तक चेतक मुड़ जाता था।
कौशल दिखलाया चालों में
उड़ गया भयानक भालों में।
निर्भीक गया वह ढालों में
सरपट दौड़ा करवालों में।

(क़)कविताकेअनुसारसवार लेकर कौन उड़ जाता था?

(i)चेतक (ii) शत्रु
(iii) सैनिक (iv) राणा प्रताप

(ख) चेतक किसके हर इशारे को भली-भाँति समझ जाता था?

(i) शत्रु के (ii) राणा प्रताप के
(iii) सैनिक के (iv) मुगलों के

(ग) काव्यांश में 'लगाम' के लिए किस पर्यायवाची शब्द का प्रयोग हुआ है?

(i) बाग (ii) सवार
(iii) तनिक (iv) हिली

(घ) युद्धभूमि में चेतक ने अपनी कौशलता किसके द्वारा दिखायी?

(i) हाल द्वारा (ii) चाल के द्वारा
(iii) भय के द्वारा (iv) ढाल के द्वारा

(क)पद्यांश के अनुसार 'सरपट' का क्या अर्थ है?

(i)अचानक से (ii) चलकर
(iii) धीरे-धीरे (iv) बहुत तेज गति से

प्रश्न 6. गद्यखंड पर आधारित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए।

(2×3 = 6)

(क) नौकरी की चाह में आए लोगों ने नौकरी पाने के लिए कौन-कौन से प्रयत्न किए?

(ख) "उस द्वीप को उन्होंने छोटा-सा हिंदुस्तान बना डाला" – भारत से गए लोगों ने मॉरिशस को हिंदुस्तान जैसा कैसे बना दिया है?

(ग) "बिहू एक कृषि आधारित त्योहार है" – कैसे?

(घ) बीज के अंकुरित होने में किस-किस का सहयोग मिलता है?

प्रश्न 7. पद्यखंड पर आधारित किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए।

(2×3 = 6)

(क) यशोदा माता ने श्रीकृष्ण को हँसते हुए गले से क्यों लगा लिया?

(ख) महाराणा प्रताप कौन थे? उनकी वीरता का वर्णन कीजिए।

(ग) "भाला गिर गया, गिरा निषंग, हय-टापों से खन गया अंग" – पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

(घ) पद में श्रीकृष्ण ने अपने बारे में क्या – क्या बताया है ?

## खंड-द( रचनात्मक लेखन)

प्रश्न 8.निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए ।
5×1=5

(i) समय का महत्व
(ii) मित्रता
(iii) मधुरवाणी

प्रश्न 9. प्रधानाचार्य जी को प्रार्थना – पत्र लिखकर सूचित करें कि विद्यालय में अधिकाधिक पेड़-पौधे लगाए जाएँ।
5×1=5

**अथवा**

खान-पान संबंधी अच्छी आदतों हेतु छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।

प्रश्न 10. परीक्षा से दो दिन पूर्व दो मित्र के बीच परीक्षा संबंधी बातचीत हेतु संवाद लिखिए।
4 ×1=4

**अथवा**

गणतंत्र दिवस पर होने वाले कार्यक्रम के विषय में दो छात्र की बातचीत हेतु संवाद लिखिए।

*****